राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अन्तर्गत चलाया सफाई अभियान

आदर्श गर्ग, गुड़गांव टुडे

तावडू। नगर के लाला हरद्वारीलाल गोयल राजकीय महा विद्यालय पसिर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अन्तर्गत स्वयं सेवकों ने महा विद्यालय एवं उसके आस के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। शिविर का उदघाटन महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलबाग सिंह के दिशानिर्देशानुसार डा1 प्रवीण कुमार ने किया। डा. प्रवीण ने बताया कि उक्त शिविर 2 जनवरी से प्रारम्भ होकर 8 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में रेडक्रास सोसायटी नूंह के हरेन्द्र कुंडू ने शिविर के स्वयं सेवकों को प्रथम चिकित्सा (फस्ट एड) के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई। इस शिविरमें मीना ठाकुर ने स्वयं सेवकों कोरेड रिबन क्लब की ओर से रक्तदान के महत्व के विषय में जानकारी दी साथ ही बिमारियों से बचाव के तरीके भी बताए। इस राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान सवास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजपन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित डाईटिशियन व न्यूट्रिशियन कुलदीप क़ुमार व प्रमोद क़ुमार स्वयं सेवकों को स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न तरीके बताए। और कहा इकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने मोटापा कम करने व शरीर को किस प्रकार स्वस्थ रखा जा सकता है के विषय में भी जानकारी उपलब्ध कराई। शिविर के दौरान अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित

अमर भारती संवाददाता

तावडू। शहर के हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय तावडू में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सुबे सिंह हेड ऑफ डिपार्टमेंट कॉमर्स ने वॉलिंटियर्स को संबोधित किया और एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा में वॉलिंटियर्स की क्या भूमिका होती है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के वॉलिंटियर्स का मार्गदर्शन किया। यह राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर गत 2 जनवरी 2023 से आरंभ हुआ और 8 जनवरी 2023 तक लगाया जाएगा इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस डॉक्टर दिलबाग सिंह के निदेर्शानुसार प्रोग्राम ऑफिसर डाक्टर प्रवीण कुमार ने इसका उद्घाटन किया। अगले दिन श्रीमती मीना ठाकुर रेड रिबन क्लब की काउंसलर ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और हरेंद्र सिंह कुंडू ने विद्यार्थियों को फस्ट ऐड की ट्रेनिंग दी और बताया कि किस तरह से फस्ट एड के माध्यम से हम किसी के जीवन की रक्षा कर सकते हैं। शिविर के दौरान न्यूट्रीशन और डाइटिशियन श्री प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को शरीर को स्वस्थ रखने के तरीके बताएं। इस शिविर में विद्यार्थियों का मानसिक और शारीरिक विकास कैसे किया जाता है यह भी समय-समय पर बताया जाता है।